प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

31 जुलाई 2023

**अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – जुलाई 2023**

जुलाई 2023 माह के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की ऋण और जमा दरों से संबंधित आंकड़ा।

**मुख्य बातें:**

**उधार दर:**

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) मई 2023 में 9.27 प्रतिशत से 7 आधार अंक (बीपीएस) घटकर जून 2023 में 9.20 प्रतिशत हो गई।

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बकाया रुपया ऋणों पर डब्लूएएलआर मई 2023 में 9.78 प्रतिशत से 4 बीपीएस बढ़कर जून 2023 में 9.82 प्रतिशत हो गई।

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की निधि की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) की 1-वर्ष की माध्यिका जून 2023 में 8.65 प्रतिशत से घटकर जुलाई 2023 में 8.63 प्रतिशत हो गई।

**जमा दरें:**

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए रुपया मियादी जमा पर भारित औसत घरेलू मियादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) मई 2023 में 6.32 प्रतिशत से 2 बीपीएस बढ़कर जून 2023 में 6.34 प्रतिशत हो गई।

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की बकाया रुपया मियादी जमा पर भारित औसत घरेलू मियादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) मई 2023 में 6.37 प्रतिशत से 10 बीपीएस बढ़कर जून 2023 में 6.47 प्रतिशत हो गई।

**अजीत प्रसाद**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/678**